# "IYC-2025"

# Status Report, January-2025

**की गई गतिविधियां :** स्टेट अपेक्स कमेटी (SAC) का गठन

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य | दिनांक 20.01.2025 को माननीय मुख्यमंत्री जी, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में स्टेट अपेक्स कमेटी (SAC) का गठन कर लिया गया है। | 01 |

## **की गई गतिविधियां :** राज्य सहकारी विकास समिति (SCDC) का गठन

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य | राज्य शासन के आदेश दिनांक 20.01.2025 द्वारा राज्य सहकारी विकास समिति का पुनर्गठन कर लिया गया है। | 01 |



# की गई गतिविधियां : राज्य सहकारी विकास समिति (DCDC) तथा जिला सहकारी समिति का गठन

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य/जिला | राज्य शासन के आदेश दिनांक 20.01.2025 द्वारा जिला सहकारी विकास समिति का पुनर्गठन कर लिया गया है। | 33 |





## की गई गतिविधियां : विभागीय समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य/ जिला | सहकार से समृध्दि अंतर्गत विभाग स्तर पर की गई कार्यवाही की समीक्षा अपर मुख्य सचिव सहकारिता द्वारा दिनांक 29.01.2025 को की गई तथा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के कैलेण्डर अनुसार कार्यक्रमों के आयोजन बाबत् निर्देश जिला अधिकारियों तथा बैंकों को दिए गये। | 01 |






## की गई गतिविधियां : राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय तथा ग्राम स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य/ जिला | राज्य स्तरीय कैलेण्डर के आधार पर जिला कार्यालयों द्वारा जिला एवं ग्राम स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। | 34 |

### मासिक गतिविधियाँ

| माह | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|
| जनवरी 2025 | 12989 |
| फरवरी 2025 | 2459 |
| मार्च 2025 | 2172 |
| अप्रैल 2025 | 11276 |
| मई 2025 | 2448 |
| जून 2025 | 11471 |
| जुलाई 2025 | 17021 |
| अगस्त 2025 | 11178 |
| सितम्बर 2025 | 10870 |
| अक्टूबर 2025 | 13137 |
| नवम्बर 2025 | 3350 |
| दिसम्बर 2025 | 7644 |
| कुल गतिविधियाँ | 106015 |

छत्तीसगढ़ | राजनांदगांव जिला

### राजनांदगांव : अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर सहकारी समितियों की गतिविधियों के लिए कलेण्डर जारी

Kadwaghut 2025-02-07 0 108 3 minutes read



राजनांदगांव। सहकारिता विभाग राजनांदगांव द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, मतस्य विभाग, हथकरघा विभाग, पंचायत विभाग, वनोपाज यूनियन राजनांदगाव/खैरागढ़, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक एवं कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अंतर्गत जिला राजनांदगांव, खैरागढ-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अं. चौकी में संचालित विभिन्न सहकारी समितियों के लिए वर्ष के दौरान गतिविधियों के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में 132 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधको की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई जिसमें केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप मनाये जाने की जानकारी दी गई। उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, मतस्य विभाग, हथकरघा विभाग, पंचायत विभाग, वनोपाज यूनियन राजनांदगाव/खैरागढ़, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक एवं कृषि विभाग से समन्वय स्थापित कर सहकारी समितियों के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु वार्षिक कैलेन्डर जारी किया गया जिसके अनुरूप समितियों में गतिविधियों का आयोजन कैलेण्डर में निर्धारित तिथि एवं विषय अनुसार संपन्न करने के निर्देश दिए। अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान आयोजित होने वाली प्रमुख गतिविधियां :- सहकारिता का परिचय एवं समिति पंजीयन की जानकारी, पैक्स के मॉडल बायलाज का वाचन, पैक्स का पुनर्गठन की चर्चा, सहकारी बैंकों के लिए साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, नवीन पंजीकृत समितियों को प्रमाण पत्र वितरण, सहकारी समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण, कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी, पैक्स में नवीन सदस्य बनाये जाने की गतिविधि, पैक्स कंप्यूटराईजेशन पर अपेक्स बैंक द्वारा कार्यशाला, माईक्रो एटीएम से संव्यवहार बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, वन विभाग की योजनाओं की जानकारी, बुनकर समितियों को प्रशिक्षण एवं योजनाओं की जानकारी, समिति कर्मचारियों को लेखा एवं लेखांकन की प्रशिक्षण उपलब्ध कराना, ग्राम सभाओं में सहकारिता की जानकारी देना, सहकारी समितियों के सदस्यों के निर्वाचन की जानकारी देना, समिति स्तर पर कृषि आदान प्रदाय करने हेतु शिविर लगाना, फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में कृषकों को जानकारी देना, जिला स्तरीय सहकारी संगोष्ठी का आयोजन, कृषि दीदी के माध्यम से ड्रोन का प्रदर्शन एवं तरल यूरिया, डी.ए.पी. तथा जैविक उर्वरकों के प्रयोग के लिए कार्यशाला का आयोजन, मत्स्य विभाग की योजनाओं एवं तालाब आबंटन प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराना, बैंक शाखाओं में वित्तीय साक्षरता हेतु जागरूकता कैम्प का आयोजन, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में सहकारिता पर निबंध एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, 05 जुलाई अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजन, सहकारी आंदोलन के इतिहास पर संगोष्ठी का आयोजन, विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वनोपज समितियों द्वारा संगोष्ठी आयोजन, हरितालिका तीज पर सफल महिला सहकारी समितियों के सदस्य का सम्मान, प्रत्येक सहकारी समितियों में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन, समितियों में वार्षिक आमसभा का आयोजन, सहकारी शक्कर कारखाना भ्रमण, फसल विविधिकरण एवं धान के बदले कम पानी वाले फसल के उत्पादन के लिए कार्यशाला, सहकारी समितियों के प्रत्येक सदस्य का खाता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में खोलने हेतु कार्यशाला, राज्य स्थापना दिवस पर सहकारिता सबंधी प्रदर्शनी का आयोजन, कृषक सदस्यों को रबी ऋण वितरण के लिए शिविर का आयोजन, धान उपार्जन केन्द्रों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन, सदस्य कृषकों का KYC अपडेशन पखवाड़ा का आयोजन, राज्य एवं जिला स्तर पर सहकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले पैक्स, शाखा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा जिला अधिकारियों का सम्मान जैसे गतिविधियों आयोजित होंगे। बैठक में एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए प्रत्येक समिति के सदस्य किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए साथ ही चयनित पैक्स समितियों को रबी फसल जैसे अरहर, मसूर आदि उपज को समर्थन मूल्य पर खरीदी एवं परिदान की तैयारी हेतु संबंधित विभाग से संपर्क स्थापित किये जाने के निर्देश दिए। केंद्र शासन की योजना अंतर्गत पैक्स समितियों को मॉडल पैक्स के रूप में विकसित किये की जानकारी देते हुए समिति के उद्देश्यों को प्राप्त करने में समिति प्रबंधकों की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताया। उपरोक्त जानकारी प्रभारी प्रबंधक जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगाँव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में दी।

**की गई गतिविधियां :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य | राज्य स्तर 01 तथा जिला स्तर पर 06 सहकार से समृध्दि अंतर्गत “सहकारिता से रोजगार” की थीम पर झांकी का प्रदर्शन किया गया। | 07 |






# की गई गतिविधियां : पैक्स के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां तथा PM-KSK के संबंध में ग्रामीणों से


| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | गणतंत्र दिवस के अवसर पर पैक्स में उपस्थित कृषक सदस्यों के समक्ष मॉडल बॉयलाज का वाचन तथा PM-KSK के संबंध में चर्चा की गई। | 2058 |











ग्राम मानिकचौरी एवं धरमपुरा, जिला राजनांदगांव के कृषकों के मध्य मॉडल बॉयलाज का वाचन तथा PM-KSK के संबंध में चर्चा

# **की गई गतिविधियां :** पैक्स में नए सदस्य बनाना।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | सभी जिला कार्यालयों तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों को वर्ष में समिति से सम्बद्ध सभी कृषकों को सदस्य बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | 33 |






**की गई गतिविधियां :** पैक्स कम्प्यूटरीकरण से होने वाले फायदों के बारे में सदस्यों को जानकारी देना।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| जिला/ ग्राम | गणतंत्र दिवस के अवसर पर पैक्स में उपस्थित कृषक सदस्यों को पैक्स कम्प्यूटरीकरण की जानकारी दी गई। | 06 |




जिला बलौदाबाजार-भाटापारा




जिला मुंगेली

**की गई गतिविधियां :** विभाग, अपेक्स बैंक तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में मीडिया सेल का गठन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य/ बैंक | विभाग में सभी स्तरों पर मीडिया सेल का गठन कर लिया गया है। | 46 |

**कार्यालय आयुक्त, सहकारिता एव पंजीयक**
**सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ**
विभागाध्यक्ष कार्यालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
दूरभाष : 0771–2511920, फैक्स नं. 2511918, ईमेल – rcs.coop@nic.in

International Year of Cooperatives 2025

क्र./साख–योजना/IYC-2025/214/2025/539 नवा रायपुर, दिनांक 06/02/2025

**// आदेश //**

संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (IYC-2025) घोषित करते हुए, **"Cooperatives Build a Better World"** का थीम दिया गया है, जिसके तारतम्य में सचिव, भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय द्वारा अर्द्धशासकीय पत्र क्र./आर–11016 /17/2024–सीटीपी–II, दिनांक 13/01/2025 के माध्यम से पूरे वर्ष चलने वाले इस आयोजन को महत्वपूर्ण बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना अनुसार राज्य एवं जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के वार्षिक कैलेन्डर अनुसार समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त विभिन्न गतिविधियों के प्रचार–प्रसार एवं सुचारु और प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए निम्नानुसार **"राज्य स्तरीय मीडिया सेल"** का गठन किया जाता है:–

| क्र. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री के.एन. काण्डे | प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, नवा रायपुर |
| 2. | श्री अभिषेक तिवारी | प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, नवा रायपुर |
| 3. | श्री श्रीकांत चंद्राकर | संवर्ग अधिकारी श्रेणी–1, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, नवा रायपुर |
| 4. | श्री प्रभाकर कांत यादव | लेखाधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, नवा रायपुर |

उक्त समिति भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय की कार्ययोजना के अनुक्रम में अंर्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के लिए तैयार किए गए गतिविधियों के कैलेण्डर अनुसार कार्यक्रमों का कार्यान्वयन तथा निगरानी करने के साथ ही प्रत्येक माह की 25 तारीख तक आयोजित गतिविधियों की जानकारी इस कार्यालय को फोटोग्राफ सहित प्रेषित करेगी।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।


अपर आयुक्त
सहकारिता छत्तीसगढ़



**की गई गतिविधियां :** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के लोगो को सभी पत्राचार में शामिल करना।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
| --- | --- | --- |
| राज्य/जिला/ ग्राम | विभाग से जारी होने वाले सभी पत्राचारों में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के लोगो को अंकित किया जा रहा है। | |



कार्यालय आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक
सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ
विभागाध्यक्ष कार्यालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
दूरभाष : 0771–2511920, फैक्स नं. 2511918, ईमेल – rcs.coop@nic.in

International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

क्र./साख–योजना/M- Societies /212/2024/299 नवा रायपुर, दिनांक 22.01.2025
प्रति,

संयुक्त/उप/सहायक पंजीयक
सहकारिता
समस्त छत्तीसगढ़

विषय :– अनाच्छादित/अल्पसेवित ग्राम पंचायतों में नवीन बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य/लघु वनोपज सहकारी समितियों के पंजीयन, अकार्यशील सहकारी समितियों को कार्यशील करने/परिसमापन में लाने बाबत् मानक संचालन प्रक्रिया।

संदर्भ :–. कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ का पत्र क्र/साख–योजना/M- Societies/212/2024/4512, दिनांक 05.12.2024.

विषयान्तर्गत “सहकार से समृद्धि” की संकल्पना अंतर्गत राज्य के सभी अनाच्छादित/अल्पसेवित ग्राम पंचायतों में नवीन बहुद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य/लघु वनोपज सहकारी समितियों के पंजीयन हेतु भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया “मार्गदर्शिका” जारी की जाकर त्वरित समयावधि में कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही करने के निर्देश हैं। उक्त अनुक्रम में प्रथम चरण में राज्य के अनाच्छादित तथा अल्पसेवित पंचायतों में अधिक से अधिक समितियों का पंजीयन निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए संदर्भित पत्र क्रमांक के माध्यम से निर्देश जारी करते हुए जिन पंचायतों में पूर्व से गठित समिति अकार्यशील हैं उन्हें कार्यशील बनाने अथवा कार्यशील नहीं हो पाने की दशा में समिति का समयावधि में परिसमापन करते हुए नवीन बहुद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य/लघु वनोपज सहकारी समितियों के गठन बाबत् निर्देश दिए गए हैं।

अतएव भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय की मंशानुरूप ग्राम पंचायतों में पंजीकृत पैक्स/डेयरी/मत्स्य/लघु वनोपज सहकारी समितियों में से अकार्यशील एवं परिसमापन में लाने योग्य समितियों के संबंध में पंजीयक द्वारा गठित कमेटी द्वारा प्रस्तावित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) की प्रति संलग्न प्रेषित कर लेख है कि परिसमापन की कार्यवाही समय–सीमा में की जाना सुनिश्चित करें। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें तथा प्रगति की जानकारी प्रतिमाह 05 तारीख तक अनिवार्यतः प्रेषित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(कुलदीप शर्मा)
आयुक्त
सहकारिता छत्तीसगढ़

पृ.क्र./साख–योजना/M- Societies /212/2024/299 नवा रायपुर, दिनांक 22.01.2025
प्रतिलिपिः–

1. मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड प्रधान कार्यालय, मुंबई (ईमेल–idd@nabard.org) की ओर पत्र क्र./1110, दिनांक 25.12.2024 के संदर्भ में सूचनार्थ।
2. प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, समस्त छत्तीसगढ़।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त
सहकारिता छत्तीसगढ़

C:\Users\HP\Desktop\SAKH-YOJNA\2025_LETTER-2B.docx Page 16

International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

**की गई गतिविधियां :** लाईट हाउस पैक्स की पहचान और ऐसे पैक्स के अधिकारियों का प्रशिक्षण (नाबार्ड द्वारा)

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| जिला | राज्य में 50 लाईट हाउस पैक्स का चयन कर नाबार्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। | 01 |






“धन्यवाद”